प्रैस विज्ञप्ति

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय अंतरः महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता के तीसरे व अंतिम दिन दिनांक 20.11.2019 को कम्पाउंड राउंड की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के विकास राजपूत 706 अंकों के साथ प्रथम स्थान, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ बल्लबगढ़ के विकास डागर 679 अंकों के साथ द्वितीय स्थान व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के तरुण दीक्षित 673 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में हिन्दू महिला महाविद्यालय सोनीपत की सिंपल शर्मा 639 अंकों के साथ प्रथम स्थान, राजकीय महाविद्यालय रोहतक की पूजा शर्मा 628 अंकों के साथ द्वितीय स्थान व के.एल. मेहता महिला कॉलेज फरीदाबाद की भारती 580 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। गत 18.11.2019 तीरंदाजी की इंडियन राउंड प्रतियोगिता और 19.11.2019 को तीरंदाजी की रिकर्व राउंड की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज समापन सत्र के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विजेता खिलाडियों को बधाई दी और जिन खिलाडियों को हार का सामना करना पडा उन्हें थक कर ना बैठने की सलाह देते हुए और प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन करने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने शारीरिक शिक्षा विभाग को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल-कूद संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, श्री नंदकिशोर, श्री मोहित, श्री लवकेश, हिन्दू कन्या महाविद्यालय सोनीपत की शारीरिक शिक्षिका डॉ. सुनीता व तीरंदाजी कोच हरकेश उपस्थित रहे।